# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

क्रमांकः प.14(85)RSSB/अर्थना/कृषि पर्यवेक्षक/सीधी भर्ती/ 2020/668 दिनांकः 5.7.2021

**–:: संशोधित विज्ञप्ति ::–**

## कृषि पर्यवेक्षक(Agriculture Supervisor) सीधी भर्ती परीक्षा–2021

बोर्ड द्वारा कृषि विभाग के लिये कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा–2021 हेतु विज्ञापन संख्या 01/2021 दिनांक 05.02.2021 को जारी किया गया था। कार्मिक विभाग की अधिसूचना दिनांक 16.04.2021 द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पुरूष अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष एवं महिला अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की अतिरिक्त छूट प्रदान की गई है। साथ ही कार्मिक विभाग के परिपत्र दिनांक 19.04.2021 द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को अन्य पिछडा वर्ग/अति पिछडा वर्ग के समान आवेदन शुल्क जमा कराने की रियायत प्रदान की गई है। कृषि विभाग द्वारा गैर अनुसूचित क्षेत्र हेतु कृषि पर्यवेक्षक के नवीन 1160 पद तथा अनुसूचित क्षेत्र हेतु कृषि पर्यवेक्षक के नवीन 212 पदों कुल 1372 पदों को शामिल कर अब 2254 पदों हेतु (गैर अनुसूचित क्षेत्र के 2002 पद एवं अनुसूचित क्षेत्र के 252 पद) संशोधित अर्थना बोर्ड को भिजवाई है। इन अतिरिक्त 1372 पदों को सम्मिलित किया जाकर बोर्ड द्वारा अब कृषि पर्यवेक्षक में कुल 2254 पदों पर भर्ती हेतु पुनः ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। अब उक्त पदों का नवीनतम वर्गवार आरक्षण का वर्गीकरण निम्नानुसार हैः–

**कृषि पर्यवेक्षक के रिक्त पदों का वर्गवार आरक्षण निम्न प्रकार हैः–**

### (क) गैर–अनुसूचित क्षेत्र

| कुल पद | सामान्य | | | | अनुसूचित जाति | | | | अनुसूचित जनजाति | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | | अति पिछड़ा वर्ग | | | | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | | | | बारां जिले की सहरिया आदिम जाति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता |
| 2002 | 509 | 145 | 58 | 14 | 222 | 63 | 25 | 6 | 167 | 48 | 19 | 4 | 292 | 83 | 33 | 8 | 70 | 20 | 8 | 1 | 140 | 40 | 16 | 3 | 6 | 2 | – | – |

| क्षैतिज आरक्षण (HORIZONTAL RESERVATION) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| विशेष योग्यजन | | | | भूतपूर्व सैनिक | उत्कृष्ट खिलाड़ी |
| B/LV | HI | LD/CP | MI/MD | | |
| 21 | 20 | 20 | 20 | 240 | 40 |

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796


(ख) अनुसूचित क्षेत्र

| कुल पद | सामान्य | | | | अनुसूचित जाति | | | | अनुसूचित जनजाति | | | | क्षैतिज आरक्षण (HORIZONTAL RESERVATION) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | विशेष योग्यजन | | | | भूतपूर्व सैनिक | उत्कृष्ट खिलाड़ी |
| | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | B/LV | HI | LD/CP | MI/MD | | |
| 252 | 89 | 26 | 10 | 2 | 9 | 2 | 1 | — | 80 | 22 | 9 | 2 | 3 | 3 | 3 | 2 | 31 | 5 |

**नोटः– विज्ञापन जारी होने के उपरान्त विज्ञापित पदों की संख्या में कमी या बढोतरी की जा सकती है एवं आरक्षण संबंधी प्रावधानों के संबंध में राज्य सरकार के नवीनतम नियमों के अनुसार परिवर्तन किया जा सकेगा।**

विशेष नोटः–

**1.** जिन अभ्यर्थियों ने कृषि पर्यवेक्षक के पद की भर्ती हेतु बोर्ड के विज्ञापन संख्या 01/2021 दिनांक 05.02.2021 के अनुसार आवेदन कर दिया है उन्हें पुनः ऑनलाइन आवेदन करने की आवश्यकता नहीं हैं। पूर्व में जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन कर दिया है, उन्हें अपने ऑनलाइन आवेदन में संशोधन करने हेतु ऑनलाइन आवेदन में संशोधन (Edit) करने की सुविधा दी जाती है। ऐसे अभ्यर्थी जो अब आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की श्रेणी में आते हैं, वे अपने ऑनलाइन आवेदन में अपनी श्रेणी के संबंध में वांछित संशोधन कर सकते है।

**2.** सभी श्रेणियों के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने का अवसर दिया जाता है। जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में आवेदन नहीं किया गया है अथवा पूर्व में आवेदन की तिथि तक पात्र नहीं थे लेकिन अब पात्रता की शर्तें पूरा करते हैं तो ऐसे अभ्यर्थी अब आवेदन कर सकते है जिसके लिए पात्रता की शर्तों की गणना इस संशोधित विज्ञप्ति के अनुसार की जावेगी। आयु एवं फीस के अलावा भर्ती की अन्य शर्ते पूर्व में जारी विज्ञापन संख्या 01/2021 दिनांक 05.02.2021 के अनुसार होगी।

**3.** जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में आवेदन किया जा चुका है, उन्हें पुनः ऑनलाईन आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है तथा उन्हें पूर्व आवेदन के समय पात्रता शर्तो की पालना पूरी करने के आधार पर पात्र माना जाएगा। उदाहरणार्थ यदि कोई अभ्यर्थी पूर्व में आवेदन करते समय आयु सीमा के अनुसार पात्र था लेकिन संशोधित विज्ञापन के अनुसार पुनः आवेदन प्राप्त करने के समय आयु सीमा पार कर चुका है तो भी उसे पुराने आवेदन के आधार पर पात्र माना जायेगा।

**परीक्षा शुल्क जमा कराने एवं ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अवधिः–**

(क) परीक्षा शुल्क राज्य के निर्धारित ई–मित्र कियोस्क, जन सुविधा केन्द्र (C.S.C), नेट बैकिंग, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड एवं केडिट कार्ड के माध्यम से **दिनांक 08.07.2021 से दिनांक 22.07.2021** को **23:59 PM** तक जमा कराया जा सकता है।

(ख) ऑनलाइन आवेदन पत्र **दिनांक 08.07.2021 से दिनांक 22.07.2021** को **23:59 PM** तक बोर्ड की वेबसाइट पर भरें जा सकते है (इसके उपरांत लिंक निष्क्रिय हो जाएगा)। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाईन आवेदन की अंतिम दिनांक का इंतजार किए बिना समय सीमा के भीतर ऑनलाईन आवेदन करे।

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

**परीक्षा का माह एवं दिनांकः**– कृषि पर्यवेक्षक के पदों की भर्ती हेतु संभावित परीक्षा **दिनांक 18 सितम्बर, 2021** को बोर्ड द्वारा आवंटित परीक्षा केन्द्रो पर करवाई जायेगी। इस संबंध में विस्तृत सूचना बोर्ड की वेबसाईट एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अलग से दे दी जायेगी। बोर्ड के पास परीक्षा की दिनांक एवं स्थान में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है।

**ऑनलाईन आवेदन में संशोधन की प्रकिया** :– जिन अभ्यर्थियों ने कृषि पर्यवेक्षक के पदों की भर्ती हेतु बोर्ड के विज्ञापन संख्या 01/2021 दिनांक 05.02.2021 के अनुसार आवेदन कर दिया है, उन्हें पुनः ऑनलाईन आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। पूर्व में जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन कर दिया है, उन्हें अपने ऑनलाईन आवेदन में संशोधन करने हेतु ऑनलाईन आवेदन में संशोधन करने की सुविधा दी जाती है। **पुराने एवं नये आवेदक अपने ऑनलाईन आवेदन में स्वयं के नाम, पिता के नाम, माता के नाम एवं पद नाम के अलावा अन्य प्रविशिष्टियों में संशोधन कर सकेगा।** ऑनलाईन आवेदन में संशोधन करने एवं संशोधन हेतु निर्धारित फीस जमा कराने की प्रकिया ऑनलाईन आवेदन करने की प्रकिया के समान ही होगी। उक्त संशोधन दिनांक 23.07.2021 से दिनांक 29.07.2021 23:59 PM तक संशोधन शुल्क 300/– रूपये ऑनलाईन जमा करवाकर कर सकते है। अभ्यर्थी को उसके आवेदन पत्र में रह गई त्रुटि को स्वयं के स्तर पर ऑनलाइन ही ठीक करना होगा। इसके अलावा ऑनलाईन आवेदन में संशोधन की अनुमति नहीं दी जावेगी। यदि फिर भी किसी अभ्यर्थी के ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि रह गई है तो इसके लिए अभ्यर्थी को संबंधित परीक्षा के आयोजन के पश्चात आनॅलाइन त्रुटि संशोधन हेतु एक निश्चित समय दिया जायेगा जिसमें अभ्यर्थी स्वयं अपनी त्रुटि को ऑनलाइन शुद्ध कर सकेगा। संशोधन हेतु दिनांक एवं समय के लिए सूचना पृथक से प्रकाशित की जाएगी। इसके पश्चात् ऑनलाईन आवेदन में किसी प्रकार का संशोधन/परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा ऐसी किसी भी त्रुटि का सम्पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

कृषि पर्यवेक्षक भर्ती हेतु विज्ञापन की शेष शर्ते यथा ऑनलाईन आवेदन करने की प्रकिया, परीक्षा शुल्क, प्रवेश पत्र, आरक्षण संबंधी प्रावधान, वेतनमान, पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता, राष्ट्रीयता, आयु संबंधी प्रावधान, अंशदायी पेंशन, विवाह पंजीयन, नियुक्ति की अयोग्यताऐं, परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रम पूर्व विज्ञापन संख्या 01/2021 दिनांक 05.02.2021 के अनुसार यथावत रहेगी।

(हरि प्रसाद शर्मा)
अध्यक्ष